राधिका झा I.A.S
राज्य परियोजना निदेशक

"उत्तराखण्ड सभी के लिए शिक्षा परिषद"
राज्य परियोजना कार्यालय
ननूरखेड़ा (निकट विद्यालयी शिक्षा निदेशालय)
तपोवन मार्ग, रायपुर, देहरादून(उत्तराखण्ड)
दूरभाष 0135– 2781941,2781942,2781943
website: http://ssa.uk.gov.in
email – spd-ssa@nic.in

सेवा में,

समस्त परियोजना अधिकारी
सर्व शिक्षा अभियान,
उत्तराखण्ड।

पत्रांक – रा0प0नि0 / २२६ / सामु0सह0 / 2013–14 / दिनांक 06 मई, 2013

विषय– शैक्षिक सम्प्राप्ति के सन्दर्भ में विद्यालय प्रबन्धन समिति की बैठक सम्बन्धी दिशा निर्देश।

महोदय,

उर्पयुक्त विषयक नवीन शैक्षिक सत्र, 2013–14 में कक्षा 1 से 8 तक संचालित राजकीय विद्यालयों में एस0एम0सी0 गठन की प्रक्रिया शासनादेश के अनुरूप पूर्ण हो चुकि होगी, सभी राजकीय विद्यालयों में विद्यालय में कुशल प्रबन्धन / गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने तथा उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण निर्माण हेतु सामुदायिक सदस्यों / माता–पिता / अभिभावकों से छात्रों के के सहयोग / समन्वय स्थापित किया जाना आवश्यक होगा तद्विषयक मुख्य बिन्दु निम्नवत् है–

1. शिक्षा अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत गठित विद्यालय प्रबन्धन समिति की आम बैठक व कार्यकारी परिषद की बैठक को निर्धारित अवधि के अन्तर्गत अनिवार्यतः सम्पन्न करायी जाय। बैठक की सूचना अभिभावको को एक सप्ताह पूर्व दी जानी चाहिए।

2. शिक्षा अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्रत्येक माता–पिता को अपने पाल्य की शैक्षिक सम्प्राप्ति स्तर को जानने एवं समझनें का हक है इसी क्रम में माता–पिता द्वारा अपने पाल्य की शैक्षिक गतिविधियों को जानने हेतु प्रत्येक माह के अन्तिम कार्यदिवस को अभिभावक–शिक्षक बैठक का आयोजन किया जाय ताकि माता–पिता / अभिभावक विद्यालय में उपस्थित होकर अपने पाल्यों के शैक्षिक सम्प्राप्ति से सम्बन्धित समस्याओं के बारे में प्रधानाध्यापक / अध्यापक से चर्चा कर सकें तथा शिक्षकों द्वारा बच्चे की सम्प्राप्ति स्तर की जानकारी अभिभावक / माता–पिता को उपलब्ध करायी जाये। बैठक में माताओं को प्रतिभाग करने हेतु विशेषरूप से अभिप्रेरित किया जाये।

3. जिन विद्यालय में छात्र संख्या 100 से अधिक हो तो उन विद्यालयों में उक्त बैठक माह के अन्तिम दो कार्यदिवसों में की जायेगी जिससे की सभी अभिभावकों को अपने बच्चों की शैक्षिक सम्प्राप्ति स्तर जानने एवं विद्यालय की शैक्षिक उन्नयन हेतु अपने अमूल्य सुझाव प्रदान करने का पूर्ण अवसर प्राप्त हो सकें।

4. बैठक में विद्यालय के शैक्षिक उन्नयन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था हेतु माता–पिता/अभिभावकों से निम्न बिन्दुओं पर अनिवार्य रूप से चर्चा की जाये।

- विद्यालय में छात्रों के पठन–पठन का नियमित अनुश्रवण करना।
- विद्यालय में अध्यापकों द्वारा विभिन्न विषयों में पढ़ाये/सिखाए गये पाठों के अभ्यास कार्य को देखना।
- छात्रों द्वारा किये गये अभ्यास कार्य का अध्यापक द्वारा नियमित जाँच करना।
- शैक्षिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए अध्यापक द्वारा विशेष शिक्षण व्यवस्था की जा रही है अथवा नहीं।
- बच्चों द्वारा विद्यालय में पुस्तकालय का नियमित प्रयोग किया जा रहा है अथवा नही।
- विद्यालय में बच्चों की व्यक्तिगत बॉक्स फाइल की जाँच करना।

5. जिन बच्चों की अभिभावक बैठक में नियमित रूप से प्रतिभाग नहीं कर पाते है ऐसे बच्चों की शैक्षिक सम्प्राप्ति स्तर को बढाने हेतु अध्यापक द्वारा समय–समय पर **होम विजिट** किया जाये।

6. शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की बैठक में विस्तृत चर्चा की जाय, तद्नुकूल विद्यालय प्रबन्धन एवं शैक्षिक उन्नयन हेतु सदस्यों से विचार–विमर्श किया जाये।

7. बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन व ठहराव सुनिश्चित करनें हेतु विद्यालय में सभी भौतिक सुविधाओं (पेयजल, शौचालय, फर्नीचर टाट पटटी, विद्युत) की उचित व्यवस्था का भी अनुश्रवण किया जाये।

8. बैठक में मध्याहन भोजन एवं स्वास्थ्य परीक्षण पंजिका का भी अनुश्रवण किया जाये।

उपरोक्त सभी निर्देशित बिन्दुओं पर जनपद अनिवार्य रूप से अनुपालन कर कृत कार्यवाही से इस कार्यालय को भी अवगत करना सुनिश्चित करेंगें।

भवदीय

(राधिका झा)
राज्य परियोजना निदेशक
सर्व शिक्षा अभियान।

पृ0सं0– रा0प0नि0/ 226 /सामु0सह0/2013–14, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि–
1. सचिव, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड शासन को सूचनार्थ प्रेषित।
2. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
3. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
4. प्रोग्रामर राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान, को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(राधिका झा)
राज्य परियोजना निदेशक
सर्व शिक्षा अभियान।

<u>विद्यालय प्रबन्धन समिति की बैठक हेतु प्रपत्र–</u>

1. जनपद का नाम– ब्लॉक– संकुल–
2. विद्यालय का नाम–

क्र0 सं0	बैठक की तिथि एवं समय	उपस्थिति अभिभावकों की संख्या	बैठक में चर्चा के मुख्य बिन्दु	अभिभावकों द्वारा दिये गये सुझाव	विगत बैठक के अनुपालन की स्थिति